






## एक नजर में

### पंचशील एकेडमी में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**गरोठ।** पंचशील एकेडमी मे धूमधाम से बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक हेमंत पाटीदार व प्राचार्या उषा पाटीदार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने समस्त स्टाफ के साथ विधि-विधान से माँ शारदे की पूजा-अर्चना की। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सृष्टि की रचना के समय ब्रह्मा जी के शांत और नीरस संसार को देखकर, भगवान विष्णु के कहने पर आदिशक्ति दुर्गा के तेज से देवी सरस्वती के प्राकट्य से जुड़ी है, जिन्होंने अपनी वीणा से सृष्टि में ध्वनि और वाणी का संचार किया, जिससे जीवन में संगीत और ज्ञान आया, और तभी से ज्ञान, कला व संगीत की देवी के रूप में इनकी पूजा होती है, साथ ही यह ऋतुराज बसंत के आगमन और विद्यारंभ (शिक्षा की शुरुआत) का भी प्रतीक है। प्रबंधक ने ऋतुराज बसंत के आगमन और प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भावना कुंवर, सिया पाटीदार साक्षी मालवीय, सुहाना सिसोदिया, अवनी गोयल, समृद्धि शर्मा द्वारा करुणामयि कृपा वरदायनी गीत प्रस्तुत किया व अनुष्का परिहार, समृद्धि गुप्ता, सृष्टि धनोतिया द्वारा वीणा पुस्तक धारिणी सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### मतदाता दिवस पर सुशासन भवन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ



**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग द्वारा सुशासन भवन में जिला अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा कि ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

### सभी छाबनीयों के वरिष्ठजनों का स्वागत सम्मान किया

सामूहिक विवाह सम्मेलन के मंच पर ग्वाला समाज मंदसौर द्वारा देशभर की ग्वाला समाज की विभिन्न छाबनियों से पधारे समाज के पटेल, चौधरी, दीवान एवं अन्य वरिष्ठजनों का स्वागत सम्मान किया गया। समाज की 52 छाबनियों के समाजजन शामिल हुए। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले समाजजनों का भी सम्मान किया गया।

# बसंत पंचमी पर 10 जोड़ें बने हमसफर

**ग्वाला समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन**

**मंदसौर।** बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को श्रीकृष्ण ग्वाला गवली यादव समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। धानमंडी पंच कचेलियान तेली समाज धर्मशाला में आयोजित विवाह सम्मेलन में 10 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। मंदसौर सहित प्रदेश व राजस्थान सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में शामिल हुए समाजजनों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

बंसत पंचमी के अवसर पर आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में पं. त्रिपाठी के आचार्यत्व में विधि-विधान से 10 जोड़ों का विवाह हुआ। सुबह गाजे-बाजे के साथ विवाह स्थल से वर-वधु की बिंदोली निकली। बिंदोली में समाजजनों ने उत्साह के साथ खूब नृत्य किया। इसके पश्चात विवाह की रस्में पूरी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा की आज के दौर में समाज की तरक्की के लिये सामूहिक आयोजन बहुत आवश्यक हैं, ग्वाला समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूरी समाज एकत्र होती हैं, समाज उत्थान में इस तरह के आयोजन बहुत जरूरी हैं। विधायक विपिन जैन ने कहा की ग्वाला समाज सदैव से समाज के विकास के लिये आयोजन करता हैं, सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन समाज में एकता को बढ़ाने और समाजजनों को मिलाने का कार्य करता हैं। सभी वर-वधुओं को बहुत शुभकामनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा की ग्वाला समाज प्रतिवर्ष सामूहिक आयोजनों के माध्यम से समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहा हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े विवाह बंधन में बंधे हैं, इस आयोजन के लिये सभी वर-वधु, उनके परिवारजनों और समाजजनों को बधाई शुभकामनाएं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने कहा की ग्वाला समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा सराहनीय कार्य किया हैं।

सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की बहुत जरूरत हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलनों के आयोजनों में दूर-दूर से समाजजन शामिल होते हैं, इससे समाजजनों को आपस में मिलने का अवसर भी प्राप्त होता हैं। समाज के युवा गरोठ नप में पार्षद ललित चंदेल, नीमच नपा में पार्षद हरगोविंद दिवान एवं जावद नप के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश रायठौर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मंदसौर ग्वाला समाज के पटेल प्यारेलाल बानिया, मुन्नालाल बानिया, छोटेलाल बानिया, दिवान कल्लुराम थम्मार, श्यामलाल हिनवार, सुंदरलाल थम्मार, मोहनलाल सतोगिया, जमनालाल सुरा, शिव भमनिया, मिश्रीलाल रियार, श्याम पाण्डे, सांवलिया थम्मार, गोपाल थम्मार दलौदा, कन्हैयालाल बानिया, बाबुलाल सुराह, राजु बानिया, राधेश्याम सुराह, मनोहर थम्मार दलौदा, मनोहर मसानिया, पवन बानिया, अन्ना सुराह, कमल बानिया, मोहनलाल हिनवार, ताराचंद थम्मार, चंद्रभान थम्मार, गोविंद सुरा, पिन्टू थम्मार, महेश दिवान, दीपक मसानिया, रोहित सुराह, अर्जुन सुराह, मदन बानिया, राहुल बानिया, राहुल सुराह, सोनू थम्मार, सोनू सतोगिया, नवीन भमनिया, अशोक हिनवार, सुनील हिनवार, पप्पू हिनवार, रामपाल मसानिया, छोटू बानिया, बबलु बानिया, अनिल सुराह, मंगल थम्मार, रमेश मसानिया जीतु सुराह, रोहित मसानिया, भोला दिवान, विशाल दुबेला, नितिन दिवान, लक्की चंदेल, बाबू थम्मार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संचालन गोविंद सुरा, नवीन भमनिया एवं चमन बानिया ने किया। आभार महेश दिवान ने माना।

# आउटसोर्स अनुबंध की विसंगतिपूर्ण शर्तों में हो बदलाव

**मंदसौर।** म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री श्री डी एस चंद्रावत ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन को पत्र लिखकर मांग करी है कि वर्तमान में विद्युत विभाग में कई वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों कि अनुबंध शर्तों में विसंगतिपूर्ण शर्तों में परिवर्तन किया जाए। ऊर्जा विभाग भोपाल द्वारा वर्तमान में अनुबंध शर्तों में यह प्रावधान कर रखा है कि विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी/ दिवंगत कर्मचारी/ सेवानिवृत्त कर्मचारी/ के पुत्र / पुत्री/ भाई/ बहन आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य नहीं कर सकते हैं।यह प्रावधान अन्यायपूर्ण होकर प्राकृतिक न्याय के विपरीत हैं विद्युत विभाग में विगत कई वर्षो से छोटे कर्मचारियों/ दिवंगत/ सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुत्र/पुत्री/ भाई/बहन आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे हैं।

विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन का तर्क है कि जब नियमित भर्ती के समय विद्युत विभाग के कर्मचारी के पुत्र/ पुत्री/ भाई/बहन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं चयनित होने पर नियमित पद पर नौकरी कर सकते हैं तो फिर आउटसोर्स कर्मी के रूप में कार्य करने में क्या वैधानिक परेशानी आ रही है। विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग भोपाल, ऊर्जा सचिव भोपाल और प्रबंध निदेशक इंदौर को भी इस संबंध में पत्र लिखकर आउटसोर्स कर्मचारियों को न्याय प्रदान करने की मांग करी है। विद्युत फेडरेशन ने यह भी मांग रखी हैं कि आउटसोर्स कर्मचारी उपलब्ध करवाने का कॉन्ट्रैक्ट बाहरी एजेंसी को देने के बजाय म. प्र. विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर सहकारी साख संस्था मर्यादित मंदसौर को दिया जाए।




# जन्मदिवस एवं पुण्यतिथि पर किया जीव-दया और भोजन वितरण प्रकल्प

**मन्दसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ मंदसौर एवं भारतीय जैन संघठना के संयुक्त तत्वावधान में एक और सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। श्रीमती रश्मि जेतावत के जन्मदिवस के शुभ अवसर तथा श्रीमती अर्पणा जैन की माता की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा, संवेदना एवं परोपकार की भावना के साथ समाजोपयोगी कार्य संपन्न किए गए। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बस स्टैंड स्थित गौशाला में गौवंश को हरा चारा खिलाकर जीव-दया एवं करुणा का संदेश दिया गया। इसके साथ ही गांधी चौराहा स्थित रोटी बैंक में जरूरतमंदों को भोजन वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया गया।

कार्यक्रम में सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री सारिका बाकलीवाल, भारतीय जैन संघठना की अध्यक्ष श्वेता पोरवाल, पूर्व महामंत्री एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए समाज में सेवा संस्कारों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं बल्कि सेवा के माध्यम से संस्कारों को जीवंत रखने का प्रेरणादायक प्रयास रहा। इस अवसर पर पुर्णाजक के दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की गई।

**एक नजर** — भव्य चल समारोह और प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# मंदसौर में महाराजा खटवांग जयंती पर उमड़ा खटीक समाज

**मंदसौर।** खटीक समाज द्वारा 23 जनवरी, शुक्रवार को महाराजा खटवांग जयंती के पावन अवसर पर मंदसौर शहर में भव्य चल समारोह, कलश यात्रा और प्रतिभा सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। संजय गांधी उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की एकता और युवाओं के भविष्य को लेकर उत्साह देखने को मिला।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा सम्मिलित हुए। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठ जनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने समाज को एकत्रित करने के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा और एकता अनिवार्य है। उन्होंने मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलश यात्रा और चल समारोह समिति अध्यक्ष दिलीप सांवलिया ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ प्रात: 10 बजे संजय गांधी उद्यान से हुआ। चल समारोह में 251 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर सम्मिलित हुईं। समारोह में घोड़े, बैंड, डीजे, ढोल और महाराजा खटवांग का भव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहे। यह चल समारोह संजय गांधी उद्यान से प्रारंभ होकर महू-नीमच रोड, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बालागंज खटीक मोहल्ला और महाराणा प्रताप बस स्टैंड होते हुए पुन: उद्यान पहुंचा।

चल समारोह के पश्चात महाराजा खटवांग की महाआरती और दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह शुरू हुआ। इस दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों का भी सम्मान किया। साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का मंच से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों का भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के अंत में मनोज सांवलिया रवी सूरावत ने उपस्थित सभी अतिथियों, समाज के वरिष्ठों, माताओं-बहनों और युवाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## नीमच

## एक नजर में

### मनासा क्षेत्र में जहरीला पदार्थ सेवन से युवक की मौत, पुलिस जुटी जांच में



**नीमच।** जिले की मनासा तहसील अंतर्गत ग्राम दातोली में जहरीला पदार्थ सेवन करने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रेम प्रकाश पिता कन्हैया लाल निवासी दातोली चंदा मूर्ति के रूप में हुई है, जो बंजारा समाज से संबंधित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम प्रकाश ने बीते दिन अपने घर पर ही अज्ञात जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीला पदार्थ निगलने के कुछ समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने बिना देरी किए उसे जिला अस्पताल नीमच पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान भी उसकी हालत में सुधार नहीं हो सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। शुक्रवार सुबह मृतक के शव को नीमच जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि प्रेम प्रकाश ने जहरीला पदार्थ किन कारणों से सेवन किया। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, साथ ही अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### एमपीई-सेवा पोर्टल से ले सकेंगे 26 विभागों की 500 सेवाओं का लाभ

**नीमच।** एम.पी.ई-सेवा नागरिक सेवाओं के लिए एकीकृत पोर्टल एवं मोबाइल ऐप है जो मध्य प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं तक पहुँचने के लिए एकीकृत इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए, मध्य प्रदेश सरकार ने सभी विभागों से ऑनलाइन सेवाओं को शामिल करके 'ई-सेवा' नामक एक केंद्रीकृत एमपी ई-सेवा पोर्टल बनाया है। इस पर 26 विभागों की 500 सेवाएँ वर्तमान में उपलब्ध है। जिले के नागरिक ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से 26 विभागों की 500 सेवाओं का ऑनलाईन लाभ उठाने आवेदन कर सकते है।

### डोराई आयुष शिविर में 66 रोगी लाभांवित

**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय अलोरी गरवाडा द्वारा शुक्रवार को नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर ग्राम डोरई में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श, अम्लपित, प्रमेह आदि बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क औषधियां वितरित की गई।

शिविर में बी.पी.की निशुल्क जांच कर, मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी प्रदान कर, आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 66 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। शिविर में डॉ.धीरज डावर, श्री भगवान दास बैरागी, श्री भगत राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शांति धाकड़ आंगनवाड़ी सहायिका पार्वती बाई ने अपनी सेवाएं दी।

# वसंत पंचमी पर जाजू कन्या महाविद्यालय में विद्या, संस्कृति और कला का उत्सव

**रंगारंग कार्यक्रमों से गूंजा परिसर**



**नीमच।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में वसंतोत्सव के तहत भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 'वसंत पंचमी विद्या, ज्ञान और बुद्धि की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व है। यह दिन विद्यार्थियों को अध्ययन, अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता की प्रेरणा देता है।' उन्होंने छात्राओं को अपनी कला और प्रतिभा को निखारते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदित्य मालू, हेमन्त हरित, सांसद प्रतिनिधि श्रीमती किरण शर्मा एवं महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. मीना हरित उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने छात्राओं को वसंतोत्सव की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. विजया वधवा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय में वसंतोत्सव वर्षों से परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। उन्होंने चित्रकला विभाग द्वारा प्रस्तुत सनातन संस्कृति पर आधारित कलात्मक प्रदर्शनों की विशेष सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने परिसर में स्थापित मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। महाविद्यालय उपवन में चित्रकला विभाग की छात्राओं ने प्रो. ज्योति वर्मा के निर्देशन में हस्तनिर्मित पेंटिंग्स की सुंदर प्रदर्शनी लगाई, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। प्राचार्य द्वारा अतिथियों को छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग्स भेंट की गईं। दिनभर चले कार्यक्रम में छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, युगल नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्रीमती रिंकु राठौर, श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं श्रीमती रितु धानुका रहीं। संचालन प्रो. नेहा इंगले के साथ कु. एंजल मित्तल एवं कु. रोहिणी मालवीय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि हरित ने किया। वसंतोत्सव के तृतीय दिवस पर भव्य वसंत मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं द्वारा व्यंजन एवं गेम्स की आकर्षक स्टालें लगाई जाएंगी।



# पति की डांट से बचने, रची लूट की झूठी कहानी

**नीमच में गहने बेचे थे, 5 साल से मानसिक बीमारी का इलाज**

**नीमच।** जिले के चीताखेड़ा में बुधवार को हुई जिस लूट ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी, पुलिस ने उसका खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि लूट की कोई वारदात हुई ही नहीं थी, बल्कि महिला ने घर में हुई गहनों की कमी को छिपाने के लिए यह झूठी कहानी रची थी। महिला ने पुलिस को सूचना दी थी कि दो युवक और एक बुजुर्ग महिला मोटरसाइकिल से मरीज बनकर उसके घर में घुसे और फिर रिवॉल्वर की नोक पर सोने-चांदी के जेवर और नकदी लूटकर भाग गए।

दिनदहाड़े लूट की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और जीरन थाना प्रभारी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, जब पुलिस ने महिला से बारीकी से पूछताछ की, तो उसके बयान बार-बार बदलने लगे, जिससे पुलिस का शक गहरा गया।

सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने सारा सच उगल दिया। उसने बताया कि पिछले दो-तीन सालों के दौरान उसने घर के पुराने जेवर गांव के ही एक सुनार को बेच दिए थे। अब जब घर में गहने नहीं होने की बात सामने आने लगी, तो पति की डांट और गुस्से से बचने के लिए उसने लूट का नाटक रचा। पति ने बताया कि उसकी पत्नी की 2020 से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने मीडिया और प्रशासन को गुमराह करने के लिए यह काल्पनिक कहानी गढ़ी थी। अब पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है

**एक नजर** — रेलवे सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# इंजीनियर दर्शन सिंह गांधी ने दिए अपने बहुमूल्य सुझाव

**नीमच।** रेलवे सलाहकार समिति की बैठक रतलाम रेल मंडल में 21 जनवरी को डी.आर.एम. अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें नामित सदस्य इंजीनियर दर्शन सिंह गांधी ने नीमच क्षेत्र के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए जिसमें रेल सेवाओं में सुधार, यात्री सुविधाओं और राजस्व वृद्धि पर सुझाव प्रस्तुत किए गए जो कि काफी सराहे गए। नीमच की हस्त्र 4 स्थिति और उभरते सीमेन्ट उद्योग और अन्य बड़े इंडस्ट्रीयल हाउसेस का लाभ उठाया जा सकता है।

इन प्रस्तावों में विशेषकर आपने उल्लेख किया कि उत्तर भारत के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर, वैष्णोदेवी एवं अन्य शहरों हेतु सीधी कोई कनेक्टिविटी नहीं है जबकि पूर्व में लिंक एक्सप्रेस एवं चेतक एक्सप्रेस गाड़ियां चलती थी, जो अब बन्द कर दी गई हैं अत::

– गाड़ी संख्या 19337/19338 इंदौर सराय रोहिल्ला साप्ताहिक ट्रेनों को प्रतिदिन चलाएं, क्योंकि इस मार्ग पर भारी यातायात है।

– गाड़ी संख्या 19333/19334 इंदौर बीकानेर को दैनिक करें जो



राजस्थान के कई स्टेशनों को जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है।

– गाड़ी संख्या 21125/21126 भिण्ड-ग्वालियर-रतलाम को नीमच तक बढ़ाया जाए क्योंकि इसके रेक रतलाम स्टेशन पर 7:30 घंटे खाली पड़े रहते हैं।

–गाड़ी संख्या 69243/69244 असरवा -चित्तौड़गढ़ ट्रेन को भी नीमच तक बढ़ाया जाए क्योंकि इसके डब्बे भी चित्तौड़गढ़ पर 11:30 घण्टे खाली पड़े रहते हैं। और इससे रेक का बेहतर उपयोग हो सकेगा और इस क्षेत्र को अतिरिक्त सुविधाएं मिल सकेंगी।

–गाड़ी संख्या 20473 दिल्ली सराय रोहिल्ला से उदयपुर का चित्तौड़गढ़ में गाड़ी संख्या 19346 डेमू भीलवाड़ा-रतलाम के कनेक्शन हेतु पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए और साथ ही डेमू गाड़ी 19346 प्लेटफॉर्म नं. 5 की जगह प्लेटफॉर्म नं. 2 या 3 पर लगनी चाहिए।

–कुछ ट्रेनों का संचालन दिल्ली-वाया रतलाम-नागदा-कोटा की बजाय रतलाम-मन्दसौर-नीमच होकर किया जाय, जिससे उस व्यस्त मार्ग को कुछ राहत मिलेगी और मन्दसौर-नीमच साइड के यात्री लाभान्वित हो सकें।

–नीमच और उसके आसपास के क्षेत्र में बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीयल यूनिट्स से सी.एस.आर फण्ड्स को आकर्षित करते हुए इन फण्ड्स का उपयोग नीमच स्टेशन को एक आदर्श स्टेशन के रूप में स्थापित किया जाय, जिससे रेलवे को कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं पड़ेगा।

–नीमच स्टेशन के चारों तरफ बहुत सी अतिरिक्त भूमि खाली पड़ी है और कई पुरानी बिल्डिंगें अनुपयोगी पड़ी हैं अत: उक्त भूमि का उपयोग करते हुए रेलवे अपनी कोई एन्सीलरी यूनिट स्थापित करके रोजगार के साथ रेलवे अपनी आय भी बढ़ा सकती है और या फिर पी.पी.पी मॉडल पर भी कार्य किया जा सकता है।